

# जैकेट में छिपाकर लाई थी 6 लाख की ब्राउन शुगर

- शहर की कुख्यात महिला ड्रग तस्कर गिरफ्तार, दो सहयोगी भी पकड़ाए

**इंदौर. राऊ पुलिस ने शहर की शातिर महिला ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है. आरोपी महिला के पास से 62 ग्राम ब्राउन शुगर और 11 हजार से ज्यादा नकद बरामद किया है. जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 6 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है. मामले में पुलिस ने दो अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया है.**





डीसीपी कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि रविवार को पुलिस एबी रोड बायपास और आसपास की बाहरी कॉलोनियों में चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान नेहरू नगर के पास एक महिला संदिग्ध हालत में दिखाई दी. पुलिस को देखकर महिला घबरा गई, जिस पर महिला आरक्षक द्वारा उसकी तलाशी ली तो महिला की काली जैकेट से 62 ग्राम ब्राउन शुगर और नकदी बरामद हुई. पूछताछ में महिला ने अपना नाम अनीता उर्फ मुन्नी बाई निवासी भीम नगर, राजेन्द्र नगर बताया. आरोपी लंबे समय से नशे के कारोबार में सक्रिय थी और राजेन्द्र नगर व द्वारिकापुरी इलाके में अपना नेटवर्क चला रही थी. वह एक ग्राम ब्राउन शुगर को करीब 10 छोटी पुड़िया बनाकर 600 से 1000 रुपये में बेचती थी. इस कार्रवाई को नवीन भारतीय न्याय संहिता के तहत ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से अंजाम दिया गया. पूरी तलाशी और बरामदगी की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग की गई है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी महिला को ब्राउन शुगर की सप्लाई कहां से मिल रही थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हैं.

### महिलाओं और बच्चों को बनाती थी ढाल

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी खुद को बचाने के लिए गरीब बस्तियों की महिलाओं और बच्चों को लालच देकर नशा बेचने के काम में लगाती थी, ताकि सीधे उस तक पुलिस की पहुंच न हो सके. आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके दो सहयोगियों डोली पति लखन और विकास उर्फ विक्की, दोनों निवासी द्वारकापुरी को भी गिरफ्तार किया है. आरोपी महिला के खिलाफ पहले भी राजेन्द्र नगर सहित अन्य थानों में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं.

# नाबालिग हत्याकांड में पुलिस का शिकंजा और कसा

- मुख्य आरोपी के पिता, मां और ताऊ गिरफ्तार, सबूत छिपाने में की थी मदद

**इंदौर. एमआईजी क्षेत्र में सामने आए नाबालिग बालक के अपहरण और हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. हत्या के मुख्य आरोपी की मदद करने और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने आरोपी के पिता, मां और ताऊ को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों पर शव छिपाने और पुलिस जांच को भटकाने का आरोप है.**







पुलिस उपायुक्त जोन-2 कुमार प्रतीक ने बताया कि 30 जनवरी को श्रीनगर-कांकड़ क्षेत्र में नाबालिग की हत्या की घटना सामने आई थी. मामले में 31 जनवरी को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया था. पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वारदात के बाद शव को घर में छिपाने और सबूत नष्ट करने में उसके परिजनों ने मदद की थी. आरोपी के बयान के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की तलाश के निर्देश दिए. एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर सूचना और साइबर सेल की मदद से सोमवार मुख्य आरोपी का पिता 50 वर्षीय अब्दुल साकिर उर्फ बंटी, निवासी श्रीदेवी अपार्टमेंट, श्रीनगर-कांकड़ और उसकी 51 वर्षीय मां शहजादी तथा 51 वर्षीय ताऊ अब्दुल रहमान निवासी नयापुरा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. तीनों ने मिलकर अपराध में मदद की और अहम साक्ष्यों को छिपाने का प्रयास किया. प्रकरण में सोमवार को पूरे घटनाक्रम का रिक्रिएशन भी कराया और आरोपियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर साक्ष्य जुटाए गए और गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। मामले में आगे की जांच जारी है.

## एक नजर में

### भारत रक्षा मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक





**महू.** 31 जनवरी और 1 फरवरी को भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक संस्थापक सूर्यकांत केलकर के सानिध्य में मुंबई में रखी गई थी इस कार्यक्रम में देश भर के हर राज्य से राष्ट्रीय और प्रांत के पदाधिकारी गण के गरिमा मयि उपस्थित रही. 27 जून 2010 को भारत रक्षा मंच की स्थापना बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकालने तथा पाकिस्तान बांग्लादेश और अफगानिस्तान में मुस्लिम अत्याचारियों से त्रस्त हिंदू भाइयों को भारत के नागरिकता प्रदान करने के उद्देश्य की गई थी. इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत संगले, राष्ट्रीय महामंत्री अशोक आचार्य, राष्ट्रीय संगठन मंत्री महावीर जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीना गोगरी, राष्ट्रीयउपाध्य लक्ष्मी नारायण, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोखंड जी, कमांडर भूषणजी, कोतवालेजी, शशांक चोपड़ा, एचपी तिवारी, सत्यवान इलेवान ढाकरे ,सरोज सोनी जी, सुनीता गोडानी जी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे. प्रांत लेवल के पदाधिकारी की नियुक्ति अध्यक्ष के नेतृत्व में की गई. मध्य प्रांत से भोपाल ग्वालियर उज्जैन और इंदौर के पदाधिकारी उपस्थित रहे. इंदौर से कार्यकारी अध्यक्ष राजेश बेंजावे, इंदौर विभाग संगठन मंत्री पंकज सोलंकी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महिला प्रकोष्ठ वह संभाग संगठन मंत्री रित प्रधान महू से उपस्थित रहे.

### विधायक ने दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया



**महू.** महू विधानसभा की लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री ऊषा ठाकुर ने जन्मदिन से एक दिन पूर्व संवेदना स्कूल परिसर में जाकर दिव्यांग बच्चों के साथ सादगीपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में जन्म उत्सव मनाया. इस अवसर पर आदरणीय ऊषा दीदी ने बच्चों के साथ समय बिताया, उनसे संवाद किया और उनको भोजन करवा कर और मिष्ठान खिलाकर खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उपहार एवं आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई. विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि विशेष बच्चों के साथ समय बिताना उनके लिए भावनात्मक और प्रेरणादायक अनुभव है. उन्होंने समाज से आह्वान किया कि ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना बनाए रखें. कार्यक्रम में स्कूल संचालिका निशा शर्मा, शिक्षकगण, अभूतपूर्व मंडल अध्यक्ष राय बहादुर, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, कोदरिया मंडल अध्यक्ष महेश यादव, नगर परिषद के पार्षद अजय चौधरी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष क्रांति वर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीनू भदौरिया, मुकेश शर्मा, सुनील यादव, सभी सम्माननीय कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे.

### माकड्रिल में सेना के जांबाजों का आपदा प्रबंधन



**महू.** सैन्य अस्पताल (एमएच) महू ने स्टेशन हेड क्वाटर, मध्य भारत अस्पताल एवं रेड क्रॉस के साथ मिल कर सोमवार को आकस्मिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबन्धन का माकड्रिल किया. सेना के जवानों और चिकित्सकों ने सतर्कता दिखाते हुए अपने कौशल को दिखाया. विषम परिस्थितियों में किस तरह से बेहतर उपचार कर जान बचाई जा सकती है, इसका उदाहरण भी दिया गया. माकड्रिल में सिमुलेशन में सामूहिक हताहतों का त्रिस्तरीय वर्गीकरण, आपदा प्रबंधन प्रक्रियाएं, संसाधन संचालन, अंतर-संस्थागत संचार तथा समन्वित रोगी देखभाल आदि का सटीक क्रियान्वयन किया गया. इस पूरे आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल में मिलिट्री हॉस्पिटल ने समन्वयक संस्थान की भूमिका निभाई। स्टेशन हेड क्वाटर के मार्गदर्शन में मिलिट्री हॉस्पिटल ने सभी सिविल संस्थानों से संपर्क साधा एवं एक बेहतर एवं उम्दा ड्रिल का प्रदर्शन किया. उल्लेखनीय है कि इस वृहद मॉकड्रिल के लिए तीनों अस्पताल, पुलिस विभाग एवं सथानीय प्रशासन के साथ मीटिंग की गई एवं सभी पहलुओं पर विचार विमर्श कर ड्रिल कार्यवाही को अंतिम रूप दिया गया. सिविल मिलिट्री समन्वय के माध्यम से जीवन रक्षा की यह यह पहल रक्षा संस्थान मिलिट्री हॉस्पिटल की अगुवाई में किया गया. इस पूरे ड्रिल में मध्य भारत के प्रभारी डॉक्टर शुक्ला, रेड क्रॉस प्रभारी, पुलिस विभाग का योगदान सराहनीय रहा.

### हम फाउंडेशन बड़वाह शाखा का सम्मान समारोह




**महू.** हम फाउंडेशन बड़वाह शाखा द्वारा मालवा प्रांत की सहसंयोजक महिला सहभागिता प्रमुख स्वर्गीय श्रीमती विमला चौधरी की पावन स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों पत्रकारों प्रतिभावान विद्यार्थी और सेवाभावी संस्थाओं का सम्मान किया गया. इसमें हम फाउंडेशन मालवा प्रांत मीडिया प्रमुख अशोक दीक्षित, मालवा प्रांत सेवा प्रमुख कमलकांत भालेवाडीकर, मालवा प्रांत संस्कार सेवा प्रमुख पायल परदेशी और संस्कृति शाखा महू अध्यक्ष कांता मजदे को सामाजिक क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ सेवा गतिविधि करने हेतु मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया. इस सम्मान में महू शाखा के संरक्षक सुरेश मजदे, कृष्णा सोप जितेंद्र सक्सेना, विजय परदेशी भी सम्मिलित थे. यह सम्मान बड़वाह के विधायक सचिन बिरला, राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराज वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, एसडीएम सत्यनारायण दर्रो, एसडीओपी अर्चना रावत, थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौड़, जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कानूडे द्वारा प्रदान किया गया. कार्यक्रम में मनीषा पाटिल, रवि पांडेय, आशा चौधरी, अर्चना आरस, नीति देशवाली, प्रवीण श्रीमाली, रीना वर्मा इत्यादि पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा.

# कार की टक्कर से दो लोगों की मौत

- विवाद के बाद बचकर भागने में हुआ हादसा
- बड़गोंदा में दो अलग-अलग हादसों में चार जान गई

**इंदौर. बड़गोंदा थाना क्षेत्र में बीती रात दो अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की जान चली गई. एक ओर गवली पलासिया के पास गुटों के विवाद के बाद भाग रहे युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, वहीं दूसरी ओर जामली गांव में दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत ने दो जिंदगियां छीन लीं.**

पुलिस के अनुसार पुष्पक रिसॉर्ट के पास रात करीब 11.30 बजे युवकों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई. हालात बिगड़ते देख एक गुट के लोग दूसरे गुट के पीछे दौड़ पड़े. इसी दौरान अजय चौहान, विकास चौहान और सुनील परमार उर्फ शेखर जान बचाने के लिए सड़क की ओर भागे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गए. हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. विकास चौहान, निवासी मालवीय मोहल्ला की इलाज के दौरान गेटवेल अस्पताल में मौत हो गई, जबकि अजय चौहान ने इंदौर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया. तीसरे घायल सुनील परमार का उपचार जारी है. पुलिस विवाद की वजह और हमलावर गुट की पहचान में जुटी हुई है.

### जामली में दो बाइकों की भिड़ंत, दोनों चालक मृत

इसी थाना क्षेत्र के ग्राम जामली में देर रात एक और भीषण सड़क हादसा हुआ. यहां दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकरा गईं. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों की पहचान आशीष पिता प्रकाश और कमलेश पिता विष्णु शर्मा, निवासी परदेशीपुरा इंदौर के रूप में हुई है. बड़गोंदा थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि दोनों मामलों में मर्ग कायम कर लिया है. चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए महू के सिविल अस्पताल भेजा है. मामले में जांच की जा रही है.

# रैपिडो चालक पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप

- पॉक्सो एक्ट में एफआईआर, आरोपी अज्ञात

**इंदौर. रावजी बाजार पुलिस ने 17 वर्षीय किशोरी की शिकायत पर एक रैपिडो चालक के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है. आरोपी फिलहाल अज्ञात है, जिसकी तलाश की जा रही है.**

एडीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि रविवार को नाबालिग को कपड़े खरीदने थे. इसी दौरान उसने मोबाइल से रैपिडो बुक किया और चालक से राजबाड़ा छोड़ने को कहा. रास्ते में बातचीत के दौरान चालक ने परदेशीपुरा में सस्ते कपड़े मिलने की बात कही और किशोरी को अपने कमरे पर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया. एडीसीपी क्राइम ने बताया कि रात करीब 9 बजे आरोपी किशोरी को शनि मंदिर के पास छोड़कर चला. इसके बाद नाबालिग काफी देर तक वहीं बैठी रही. उसने घर पर कॉल करने के बजाय मोबाइल पर चैट जीपीटी की मदद से महिला थाना और चाइल्ड लाइन के नंबर निकाले और पुलिस को सूचना दी. जबकि रावजी बाजार थाना घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर ही था. पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि उसे थाने की जानकारी नहीं थी. एडीसीपी के मुताबिक नाबालिग के मोबाइल में रैपिडो ऐप की बुकिंग रिक्वेस्ट कैंसिल मिली है. नाबालिग को देखते हुए गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की पहचान के प्रयास जारी हैं.

# 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

इंदौर. भंवरकुआं पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन इमली बस स्टैंड चौकी के पीछे स्थित खाली मैदान से एक युवक को अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से करीब 20 हजार रुपए कीमत की ब्राउन शुगर बरामद की है. भंवरकुआं थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सूचना मिलने के बाद टीम के साथ तीन इमली बस स्टैंड चौकी के पीछे खाली ग्राउंड में दबिश दी, जहां एक युवक संदिग्ध हालत में मिला. तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पारदर्शी प्लास्टिक की थैली में रखा अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुआ. जिसका वजन 10 ग्राम पाया गया. जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई गई है. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम करण उर्फ लखन, उम्र 22 वर्ष, जाति बाल्मिकी निवासी बताया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है.

**रात को चाकू लेकर घूमता युवक पकड़ाया-** इंदौर. एमजी रोड पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान स्नेहलतागंज इलाके से एक युवक को तेजधार खटकेदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी विजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि रात्रि गश्ति के दौरान प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह को करीब 12.45 बजे पशु अस्पताल के पास स्नेहलतागंज क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता मिला. पुलिस ने मौके पर उसे रोका और तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक लोहे का तेजधार खटकेदार चाकू बरामद हुआ. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संतोष माने पिता बाबूराव माने, उम्र 35 वर्ष, निवासी 50 मराठी मोहल्ला, बताया.

# लक्ष्मीबाई नगर रोड पर एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर पकड़ाए

- क्राईम ब्रांच ने की कार्रवाई, 3.20 लाख की खेप जब्त

**इंदौर. क्राइम ब्रांच की टीम ने लक्ष्मीबाई नगर मेन रोड पर दो युवकों को 31.86 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है. जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 3 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है. आरोपी ड्रग्स को दोपहिया वाहन की सीट में छुपाकर सप्लाई की फिराक में थे.**





एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राईम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि लक्ष्मीबाई नगर क्षेत्र में संदिग्ध युवक मादक पदार्थ लेकर खड़े हैं. इसके बाद मालवा रेडीमेड क्लस्टर के सामने मेन रोड पर दबिश दी. मौके पर सड़क किनारे काली रंग की होंडा दोपहिया के साथ खड़े दो युवक पुलिस को देखकर घबरा गए. संदेह होने पर घेराबंदी कर दोनों को रोका, पूछताछ में उन्होंने अपने नाम कमललाल मेघवाल और नरेंद्रलाल मेघवाल, निवासी झालावाड़ (राजस्थान) बताए. तलाशी लेने पर वाहन की सीट के अंदर छुपाकर रखी गई 31.86 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई. आरोपी कमललाल मेघवाल पर पूर्व में राजस्थान के झालावाड़ में भी एक मामला दर्ज है. वहीं, कमल मजदूरी करता है और दूसरी कक्षा तक पढ़ा है, जबकि नरेंद्र दसवीं पास है और दुकान चलाता है. प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने अवैध लाभ कमाने के लिए नशे के आदी लोगों को एमडी ड्रग्स बेचने की बात स्वीकार की है. आरोपियों के कब्जे से एमडी ड्रग्स के अलावा एक दोपहिया वाहन और दो वीवो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं.

### पोलोग्राउंड इलाके से एमडी ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार

इंदौर. शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर बाजार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किया है. पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी यशवंत बडोले ने बताया कि उपनिरीक्षक जयेंद्र दत्त शर्मा द्वारा कार्रवाई की गई. सूचना मिली थी कि पोलोग्राउंड चौराहे के पास सुलभ शौचालय के सामने संदिग्ध हालत में खड़े एक युवक की तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान उसके पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसे वह अवैध रूप से रखे हुए था. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रेहान शेख पिता आबिद शेख, निवासी 79 भिस्ती मोहल्ला, सदर बाजार बताया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है.

# शादी समारोह में चाकूबाजी का मामला बदला हत्या में

### घायल सौतेले पिता की मौत

**इंदौर.** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक माह पहले शादी समारोह के दौरान हुए चाकू हमले के मामले ने अब हत्या का रूप ले लिया है. गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान बीती रात मौत हो गई. मामले में पुलिस पहले से जेल में बंद आरोपी पर अब हत्या की धारा जोड़कर आगे की कार्रवाई कर रही है.

थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताय कि 4 जनवरी की रात शिवाजी नगर स्थित देवी अहिल्या परिसर, राम मंदिर के पास एक शादी समारोह चल रहा था. इसी दौरान थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर में रहने वाले 35 वर्षीय राहुल वर्मा समारोह में शामिल होने पहुंचे थे. वहां पहले से मौजूद जय उर्फ मिंडी ने राहुल को देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर आरोपी ने जेब से चाकू निकाला और राहुल की छाती व गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए. अचानक हुए हमले से शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई. खून से लथपथ राहुल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी था. हालांकि चोटें गहरी होने के कारण बीती रात उनकी मौत हो गई. वहीं मामले में एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह का कहना है कि घटना के पीछे पुरानी पारिवारिक रंजिश सामने आई है. मृतक राहुल ने वर्ष 2020 में आरोपी जय की मां से विवाह किया था. इस रिश्ते को जय स्वीकार नहीं कर पाया और वह अपने सौतेले पिता से लगातार रंजिश रखता था. इसी नफरत के चलते उसने मौका पाकर जानलेवा हमला किया. वहीं थाना प्रभारी आरडी कानवा का कहना है कि घटना के तुरंत बाद घेराबंदी कर आरोपी जय उर्फ मिंडी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. अब राहुल की मौत के बाद प्रकरण में हत्या की धारा बढ़ा दी गई है. पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले में आगे की जांच कर रही है.

# दो तस्कर 4.43 किलो गांजे के साथ धराए

- ऑपरेशन 'ईगल क्लॉ' के तहत कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. ऑपरेशन 'ईगल क्लॉ' के तहत तेजाजीनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है. उनके कब्जे से 4 किलो 430 ग्राम गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल जब्त की है. जब्त माल की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई गई है.**





थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया कि पुलिस उपायुक्त जोन-1 कृष्णलाल चंदानी के आदेश पर थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग के निर्देश दिए थे. इस दौरान आऊटर कॉलोनियों और बायपास क्षेत्र में भ्रमण व संदिग्धों की जांच के दौरान चमेली देवी कॉलेज के सामने बने ब्रिज के नीचे, उमरीखेड़ा-खंडवा रोड पर दो युवक संदिग्ध अवस्था में मिले. तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया. पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राहुल यादव पिता भगवान सिंह यादव, उम्र 32 वर्ष और विनय पाटीदार पिता हीरालाल पाटीदार, उम्र 35 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम जगमाल पिपलिया, थाना खुडेल बताए. मौके से 4.43 किलो गांजा और एक मोटरसाइकिल जब्त कर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस आरोपियों से गांजा सप्लाई के स्रोत और नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ कर रही है.

एक नजर में ▶ ग्वालटोली स्थित धर्मशाला क्षेत्र के रहवासी हो रहे परेशान

# सीवरेज के लिए खोदी पक्की सड़क, पुन: नहीं बनाई



इंदौर. शहर में विकास कार्य तो हो रहा है लेकिन एक कार्य के बाद दूसरा कार्य आरंभ करने में नगर निगम कई महीने लगा रही हैं जिससे क्षेत्र वासियों को कई असुविधाओं का सामना करना पड़ता है.

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 42 अंतर्गत आने वाले बड़ी ग्वालटोली मित्र नगर ग्वालटोली चौक स्थित धर्मशाला क्षेत्र में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए करीब 10 माह पूर्व पक्की सड़क को खोदा गया था. उस समय नगर निगम के संबंधित अधिकारियों द्वारा क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया गया था कि सीवरेज कार्य पूर्ण होते ही शीघ्र ही पक्की सड़क का निर्माण कर दिया जाएगा लेकिन इतने लंबे समय बीत जाने के बावजूद आज तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है. सड़क की बदहाल स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बरसात के दिनों में पूरे मार्ग पर कीचड़ फैल जाता है जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है. वहीं सामान्य दिनों में सड़क पर बिखरे पत्थर, गड्ढे और उखड़ी मिट्टी दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही है. दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसलकर घायल हो रहे हैं वहीं बुजुर्गों महिलाओं और स्कूली बच्चों के लिए यह मार्ग अत्यंत जोखिम भरा बन चुका है.

### इनका कहना है...



दस महीने गुजर चुके हैं. कई बार नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं. आना-जाना दुभर हो गया है.

**- जतिन बोरासी**



जल्द से जल्द पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके और भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके.

**- लक्ष्मी यादव**



पक्की सड़क नहीं बनने से दिनभर कीचड़ बने रहता है जिससे मच्छर मक्खी हो रहे हैं. बीमारियां फैल रही हैं. पक्की सड़क बन जाने से क्षेत्र साफ सुथरा रहेगा.

**- रेनू पाल**